# बिहार विधान परिषद

## (193 बिहार विधान परिषद् का शीतकालीन सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 26 नवम्बर 2019

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - Education Minister - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य विधि ].

Total Short Notice Question- 13

----

## त्वरित कार्रवाई

*13 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

Will the **Education Minister** be pleased to state:-

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के मनेर, बख्तियारपुर और दानापुर प्रखंडों के तमाम स्कूलों के चापाकलों का पानी दूषित पाया गया है, जिसकी पुष्टि विगत डेढ़ महीने पहले पी.एच.ई.डी. जल जांच केन्द्र द्वारा की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि जल जांच केन्द्र की जांच रिपोर्ट के अनुसार पटना के 17 स्कूलों में स्थापित चापाकलों के पानी में आर्सेनिक, आयरन और फ्लोराइड की मात्रा निर्धारित मानक से काफी अधिक है, जो पीने योग्य नहीं है, फिर भी स्कूली बच्चे दूषित पानी पीने को मजबूर है और विभाग लापरवाह है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थिति में उन प्रखंड स्कूलों में डीप बोरिंग कराने एवं उनपर फिल्टर सिस्टम का कार्य कराने तथा इस कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वालों पर त्वरित कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## जेनरिक दवा दुकान की व्यवस्था

***14 श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जेनरिक दवा दुकानें खोलने की योजना बनी थी;

(ख) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के सदर अस्पताल परिसर में चार वर्षों से जेनरिक दवा की दुकानें नहीं खुल सकी हैं;

(ग) क्या यह सही है कि इस अस्पताल में जीवन रक्षक दवाओं का घोर अभाव है, मात्र कैल्शियम, आयरन, पैरासिटामॉल, पेन किलन जैसी कुछ गिनी चुनी दवाएं ही मरीजों को उपलब्ध हो पाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गोपालगंज सदर अस्पताल परिसर में जेनरिक दवा दुकान खोलने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## चिकित्सकों की नियुक्ति

***15 श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के सदर अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों/ स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की घोर कमी रहने के कारण स्वास्थ्य सेवा प्रभावित है;

(ख) क्या यह सही है कि चिकित्सकों के अभाव में गरीब जनता को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर एवं सीतामढ़ी जिला जाना पड़ता है जो उनके लिए काफी दुष्कर कार्य है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर के सदर अस्पताल सहित अन्य सभी अस्पताल/स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक एवं महिला चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## नियुक्ति कबतक

***16 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच. (पटना) ने अपने नेफ्रोलॉजी विभाग के लिए 30 नई डायलिसिस मशीनें खरीदी हैं;

(ख) क्या यह सही है कि विभाग में आठ सीनियर रेजिडेंट के पद दो साल से स्वीकृत हैं जो सरकार की लापरवाही के कारण खाली हैं;

(ग) क्या यह सही है कि वर्तमान में नए और पुराने करीब 60 मरीज प्रतिदिन आते हैं जिसमें से 15 से 20 मरीजों का ही डायलिसिस हो पाता है, बाकी रोगी निराश हो कर घर लौट जाते हैं;

(घ) क्या यह सही है कि जब चलाने वाले स्पेशलिस्ट ही नहीं हैं तो इतनी मशीनें खरीदी क्यों गईं;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मरीजों की कठिनाई को देखते हुए जनहित में सीनियर रेजिडेंट की बहाली करना चाहती है ?

----

## खतरा से निजात

*17 **श्रीमती मनोरमा देवी (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के ग्राम-जानपुर में 'लव विला' अपार्टमेंट के पास बिजली का तार लटका हुआ रहने के कारण हमेशा खतरा बना रहता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार 'लव विला' अपार्टमेंट के पास लटके हुए बिजली तार को जनहित में शीघ्र हटाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## दोषी पर कार्रवाई

***18 श्री मो. कमर आलम (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत शिवहर प्रखंड के मथुरापुर कहतरवा, फतहपुर पंचायत के लोगों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना का लाभ नहीं मिलने से पंचायत के लोगों को काफी असुविधा हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पंचायत में आयुष्मान योजना का लाभ शीघ्र दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## बिजली बिल का बकाया

***19 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों, खेल परिसरों के ऊपर लाखों-करोड़ों का बिजली विभाग का बिल का बकाया है;

(ख) क्या यह सही है कि पुलिस मुख्यालय, सरदार पटेल भवन पर लगभग दो करोड़ रुपया, पाटलिपुत्र खेल परिसर पर 88 लाख रुपया, बापू सभागार पर 85 लाख, बिहार राज्य जल पर्षद कंकड़बाग पर 60 लाख तथा पी.एम.सी.एच. अस्पताल पर 50 लाख रुपया बिजली बिल का बकाया है;

(ग) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा आम उपभोक्ताओं के ऊपर एक माह का भी बिजली बिल बकाया रह जाने पर 15 दिनों की नोटिस देकर कनेक्शन काट देने का प्रावधान है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन बकाया बिजली बिलों की वसूली हेतु कोई कदम उठायेगी, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## पढ़ाई ठप्प

***20 श्री रामचन्द्र भारती (मनोनीत):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अवस्थित कैंसर संस्थान बहुत ही पुराना संस्थान है;

(ख) क्या यह सही है कि इस संस्थान में ब्रेकीथेरेपी मशीन नहीं रहने के कारण लगभग 12 वर्षों से रेडियोथेरेपी विभाग में पी.जी. की पढ़ाई ठप्प है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संस्थान में ब्रेकीथेरेपी मशीन क्रय कर स्थापित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अाई.सी.यू. एवं ब्लड बैंक स्थापना

*21 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जिला मुख्यालय, अरवल के सदर अस्पताल में आई.सी.यू. एवं ब्लड बैंक की सुविधा नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि आई.सी.यू. एवं ब्लड बैंक की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को ईलाज के लिए दूसरे शहरों में ले जाना पड़ता है जो कि जोखमभरा होता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में शीघ्र ही आई.सी.यू. एवं ब्लड बैंक स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

्नति नियमावली बनाएगी, यदि हां तो कबतक ?

----

## उद्योग सृजित

*22 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

Will the **उद्योग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में जनसंख्या वृद्धि के साथ बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गई है जिससे युवक-युवतियां रोजगार के लिए भटक रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के लगभग सभी जिलों में बड़े एवं लघु उद्योग खुले थे,

किन्तु विभागीय उदासीनता के कारण जिलों के उद्योग बंद पड़े हैं, जिससे समाज के शिक्षित एवं अशिक्षित युवकों के समक्ष रोजी-रोटी की भी समस्या हो गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थिति में रोजगार उत्पन्न कराने के लिए जिलों में बंद पड़े उद्योगों को पुनर्जीवित कर उसे खोलवाने तथा नये उद्योग सृजित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## फीडर का निर्माण

*23 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर प्रखंड मुख्यालय के दिघवा दुबौली बाजार को 24 घंटे बिजली से रौशन करने के लिए विभाग ने टाउन फीडर का प्रस्ताव स्वीकृत किया है;

(ख) क्या यह सही है कि टाउन फीडर के निर्माण से संबंधित सामग्री सब स्टेशन बैंकुंठपुर में उपलब्ध कराये 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार टाउन फीडर का निर्माण करायेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मुआवजा का भुगतान

*24 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि संजय ठाकुर, पिता रामा ठाकुर, ग्राम-बेला, थाना +प्रखंड-पाली, जिला पटना के निवासी हैं;

(ख) क्या यह सही है कि दिनांक-4.11.19 दिन सोमवार की बिजली के पोल में करेंट आने के दौरान उसकी चपेट में आने से संजय ठाकुर (23 वर्ष) की मौत हो गयी;

(ग) क्या यह सही है कि बिजली का पोल संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुसार नहीं गाड़ा गया था;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी पर कार्रवाई करते हुए मृतक के परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## दोषी पर कार्रवाई

*25 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य जल विद्युत निगम, पटना के द्वारा मधेपुरा जिला के अरार घाट (4X 1.75 मेगावाट) जल विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु पैंसठ करोड़ चौवालीस लाख की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त योजना के लिए नाबार्ड द्वारा आर.आई.डी.एफ. XVII के अन्तर्गत स्वीकृत किए जाने वाले ऋण बासठ करोड़ सात लाख तीस हजार की स्वीकृति आदेश दिनांक-3.8.2012 को संयुक्त सचिव, बिहार ऊर्जा विभाग द्वारा निर्गत किया जा चुका है;

(ग) क्या यह सही है कि परियोजना का निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है तथा उपरोक्त स्वीकृत राशि का व्यय अन्य कार्यों में कर दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गबन करने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई करना चाहती है ?

----